# लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश

गौतम नगर ,भोपाल–462021,दूरभाष 0755–2581064

क्रमांक / अकादमिक / त्रैमासिक परीक्षा / 2026–27 / 1094 भोपाल, दिनांक 13/08/2026

प्रति,

(1) समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, म.प्र.

(2) जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले, म.प्र.

(3) सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग समस्त जिले, म.प्र.

(4) समस्त प्राचार्य, शास.हाई / हायर सेकेण्डरी स्कूल, म.प्र.

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2026–27 की कक्षा 9वीं से 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षा हेतु समय–सारणी, प्रश्नपत्र निर्माण एवं परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश जारी करने विषयक।

–0–

शैक्षणिक सत्र 2026–2027 की कक्षा 9वीं से 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षा की समय–सारणी,प्रश्नपत्र निर्माण एवं परीक्षा संचालन हेतु निम्नानुसार निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें –

1. त्रैमासिक परीक्षाएँ निर्धारित संलग्न समय–सारणी अनुसार आयोजित की जाए।**(परिशिष्ट–1 एवं 2)**
2. **ऐसे विषय जो समय सारणी में प्रदर्शित नहीं है उनकी परीक्षा दिनांक 07.09.2026 से दिनांक 17.09.2026 के मध्य प्राचार्य अपने स्तर पर समय सारणी निर्धारित कर आयोजित करेंगे।**
3. **परिशिष्ट 3** अनुसार विषयों की त्रैमासिक परीक्षा हेतु दिनांक 21.08.2026 तक विमर्श पोर्टल पर DEO लॉग इन पर ब्लूप्रिंट उपलब्ध कराए जाएंगे। ब्लूप्रिंट के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी जिला उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य के माध्यम से दिनांक 02.09.2026 तक आवश्यकता अनुसार माध्यमवार प्रश्नपत्र तैयार कराएंगे। प्रश्नपत्र निर्माण हेतु जिला आकलन प्रकोष्ठ का प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाए।
4. कक्षा 9वीं के प्रश्नपत्रों में पूर्णांक में से 50% अंक के प्रश्न ब्रिजकोर्स से लिए जाने हैं व अंग्रेजी स्टैंडर्ड एवं बेसिक हेतु एक ही प्रश्नपत्र तैयार किया जाएगा। इसी तरह कक्षा 9वीं एवं 10वीं में गणित स्टैंडर्ड एवं बेसिक हेतु एक ही प्रश्नपत्र तैयार किया जाएगा।
5. **परिशिष्ट 3** के अतिरिक्त अन्य विषयों एवं व्यावसायिक विषयों के प्रश्नपत्रों का निर्माण माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी अंक योजना एवं शैक्षणिक केलेण्डर में वर्णित अगस्त 2026 तक के पाठ्यक्रम के आधार पर प्राचार्य विषय शिक्षक से कराएंगे।
6. जिला शिक्षा अधिकारी तैयार प्रश्नपत्र अपने जिले के समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों को एक–एक सेट सीलबंद लिफाफों में दिनांक 03.09.2026 तक उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए प्रश्नपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर संबंधित विद्यालय के डाइस कोड / बोर्ड कोड का वाटर मार्क / सील अनिवार्य रुप से लगाकर प्रश्नपत्र सीलबंद करेंगे।
7. सभी प्राचार्य आवश्यकतानुसार प्रश्नपत्रों की फोटोकॉपी / मुद्रित कराएंगे। प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि प्रश्नपत्रों की फोटोकॉपी / मुद्रण कराते समय प्रश्नपत्रों की पूर्ण गोपनीयता बनी रहे, इसके लिए एक शिक्षक को अधिकृत करें जो फोटोकॉपी / मुद्रण कराते समय दुकान पर उपलब्ध रहेगा। अधिकृत शिक्षक अपने समक्ष ही फोटोकॉपी / मुद्रण कराकर प्रश्नपत्रों को सीलबंद करेगा। अधिकृत शिक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि दुकान पर किसी तरह की प्रश्नपत्र संबंधी स्टेशनरी शेष नहीं है एवं फोटोकॉपी मशीन / सिस्टम से सॉफ्ट कॉपी डिलीट कर दी गई है।
8. विद्यार्थियों के लिए परीक्षा के उपरांत अगले दिवस के परीक्षा के विषय की तैयारी हेतु कक्षा का संचालन अनिवार्यतः सुनिश्चित किया जाए। ऐसे विद्यार्थी जिनकी परीक्षा दोपहर पश्चात् है उन्हें दोपहर पूर्व परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।

क्रमशः

ह.

9. दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए मा.शि.मण्डल द्वारा दिव्यांग श्रेणी के संबंध में जारी विज्ञप्ति जो कि **परिशिष्ट–4** पर संलग्न है, के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
10. परीक्षा उपरांत विषय शिक्षक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को उनकी त्रुटियां दर्शाते हुए अवलोकन कराएं।
11. दिनांक **21.09.2026** को PTM आयोजित कर विद्यार्थियों के प्राप्तांकों से अभिभावकों को अवगत कराते हुए मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कराएं। इस दिवस संभागीय संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी पृथक–पृथक दल गठित कर न्यूनतम 10–10 विद्यालयों का भ्रमण कर प्रतिवेदन संभागीय संयुक्त संचालक के माध्यम से संचालनालय को भेजना सुनिश्चित करें।
12. मूल्यांकन उपरांत सभी विषय शिक्षक प्रश्नपत्र का प्रश्नवार विश्लेषण कर कठिन बिन्दुओं को चिह्नांकित कर तद्नुसार उपचारात्मक शिक्षण करेंगे।
13. त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम **25.09.2026** तक EMS पोर्टल के माध्यम से तैयार करना सुनिश्चित करें।
14. परीक्षा समाप्ति उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी विषयवार प्रश्नपत्र स्टेट असेसमेंट सेल को ईमेल–mpsacteam@gmail.com पर उपलब्ध कराएंगे।

तद्नुसार सर्व संबंधितों को सूचित करें।

**(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)**

(रविन्द्र कुमार सिंह)
अपर संचालक
लोक शिक्षण म0 प्र0

पृ.क्रमांक/अकादमिक/ त्रैमासिक परीक्षा/2026–27/1095 भोपाल, दिनांक 13/08/2026

प्रतिलिपिः
1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.।
2. सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, म.प्र.।
3. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
4. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
5. कलेक्टर, समस्त जिले म.प्र. की ओर सूचनार्थ।

अपर संचालक
लोक शिक्षण म0 प्र0

परिशिष्ट–1

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल–462023
दूरभाषः– 0755–2583650 ईमेल–mpsacteam@gmail.com

## हाईस्कूल त्रैमासिक परीक्षा समय सारणी 2026 – 27

**समय : प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक**

| क्र. | दिनांक | दिन | कक्षा 9वीं | कक्षा 10वीं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07.09.2026 | सोमवार | गणित | अंग्रजी |
| 2 | 07.09.2026 | सोमवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 3 | 08.09.2026 | मंगलवार | हिन्दी | संस्कृत / उर्दू |
| 4 | 08.09.2026 | मंगलवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 5 | 09.09.2026 | बुधवार | अंग्रेजी | गणित |
| 6 | 09.09.2026 | बुधवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र, की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 7 | 10.09.2026 | गुरुवार | संस्कृत / उर्दू | हिन्दी |
| 8 | 10.09.2026 | गुरुवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र, की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 9 | 11.09.2026 | शुक्रवार | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान |
| 10 | 11.09.2026 | शुक्रवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 11 | 12.09.2026 | शनिवार | सामाजिक विज्ञान | विज्ञान |
| 12 | 15.09.2026 | मंगलवार | परीक्षा उपरांत अगले प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 13 | 15.09.2026 | मंगलवार | **एन एस क्यू एफ के समस्त विषय** | **एन एस क्यू एफ के समस्त विषय** |

निर्देश :–

1. सर्वसंबंधित इस कार्यक्रम को कृपया भलीभांति नोट कर लें कि परीक्षा अवधि में शासन द्वारा यदि कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षाएँ यथावत् कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होंगी।
2. समय सारणी अनुसार प्रतिदिन परीक्षा उपरांत आगामी दिवस की परीक्षा के विषय का अध्यापन सुनिश्चित कराया जाए।
3. **प्रायोगिक विषयों की परीक्षा एवं ऐसे विषय जो समय सारणी में प्रदर्शित नहीं है परन्तु विद्यालय में संचालित है, की परीक्षा दिनांक 07.09.2026 से दिनांक 17.09.2026 के मध्य प्राचार्य अपने स्तर पर समय सारणी निर्धारित कर आयोजित करें।**
4. विद्यालय में समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनिट के पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
5. परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनिट के पूर्व विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका एवं 5 मिनिट पूर्व प्रश्नपत्र वितरित किए जाएँ।
6. **विषयमान अनुसार विद्यार्थियों की परीक्षाएं जैसे–जैसे समाप्त होती जाएं, विद्यार्थियों की अगले कार्य दिवस से नियमित कक्षाएं अनिवार्य रुप से प्रारंभ की जाएं।**

(रविन्द्र कुमार सिंह)
अपर संचालक
लोक शिक्षण म0 प्र0

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल–462023
दूरभाषः– 0755–2583650 ईमेल–mpsacteam@gmail.com

परिशिष्ट–2

## हायर सेकेण्डरी त्रैमासिक परीक्षा समय सारणी 2026–27

**समय : दोप. 2:00 बजे से 5:00 बजे तक**

| क्र. | दिनांक | दिन | कक्षा 11वीं | कक्षा 12वीं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07.09.2026 | सोमवार | परीक्षा के पूर्व विद्यालय समय में प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 2 | 07.09.2026 | सोमवार | अंग्रेजी | भौतिक शास्त्र/ अर्थशास्त्र /एनीमल हसबैण्डरी, मिल्क ट्रेड पॉल्ट्री फार्मिंग एण्ड फिशरीज/ विज्ञान के तत्व |
| 3 | 08.09.2026 | मंगलवार | परीक्षा के पूर्व विद्यालय समय में प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 4 | 08.09.2026 | मंगलवार | संस्कृत/उर्दू | भूगोल / व्यवसाय अध्ययन / क्राप प्रोडक्शन एण्ड हॉर्टिकल्चर/ शरीर रचना क्रिया विज्ञान एवं स्वास्थ्य |
| 5 | 09.09.2026 | बुधवार | परीक्षा के पूर्व विद्यालय समय में प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 6 | 09.09.2026 | बुधवार | भौतिक शास्त्र/ अर्थशास्त्र /एनीमल हसबैण्डरी, मिल्क ट्रेड पॉल्ट्री फार्मिंग एण्ड फिशरीज/ विज्ञान के तत्व | हिन्दी |
| 7 | 10.09.2026 | गुरुवार | परीक्षा के पूर्व विद्यालय समय में प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 8 | 10.09.2026 | गुरुवार | हिन्दी | एन एस क्यू एफ के समस्त विषय |
| 9 | 11.09.2026 | शुक्रवार | परीक्षा के पूर्व विद्यालय समय में प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 10 | 11.09.2026 | शुक्रवार | राजनीति शास्त्र/जीव विज्ञान | अंग्रेजी |
| 11 | 12.09.2026 | शनिवार | परीक्षा के पूर्व विद्यालय समय में प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 12 | 12.09.2026 | शनिवार | भूगोल / व्यवसाय अध्ययन / क्राप प्रोडक्शन एण्ड हॉर्टिकल्चर/ शरीर रचना क्रिया विज्ञान एवं स्वास्थ्य | राजनीति शास्त्र/जीव विज्ञान |
| 13 | 15.09.2026 | मंगलवार | परीक्षा के पूर्व विद्यालय समय में प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 14 | 15.09.2026 | मंगलवार | रसायन शास्त्र/इतिहास/ लेखाशास्त्र / एलीमेन्ट ऑफ साइन्स एण्ड मैथमेटिक्स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर/गृह प्रबन्ध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान | गणित |
| 15 | 16.09.2026 | बुधवार | परीक्षा के पूर्व विद्यालय समय में प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 16 | 16.09.2026 | बुधवार | एन एस क्यू एफ के समस्त विषय | संस्कृत/उर्दू |
| 17 | 17.09.2026 | गुरुवार | परीक्षा के पूर्व विद्यालय समय में प्रश्नपत्र की तैयारी हेतु कक्षा संचालन | |
| 18 | 17.09.2026 | गुरुवार | गणित | रसायन शास्त्र/इतिहास/ लेखाशास्त्र / एलीमेन्ट ऑफ साइन्स एण्ड मैथमेटिक्स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर/गृह प्रबन्ध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान |

निर्देश :–

1. सर्वसंबंधित इस कार्यक्रम को कृपया भलीभांति नोट कर लें कि परीक्षा अवधि में शासन द्वारा यदि कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षाएँ यथावत् कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होंगी।
2. समय सारणी अनुसार प्रतिदिन परीक्षा पूर्व परीक्षा के विषय का अध्यापन सुनिश्चित कराया जाए।
3. **प्रायोगिक विषयों की परीक्षा तथा ऐसे विषय जो समय सारणी में प्रदर्शित नहीं है परन्तु विद्यालय में संचालित है, की परीक्षा दिनांक 07.09.2026 से दिनांक 17.09.20256 के मध्य प्राचार्य अपने स्तर पर समय सारणी निर्धारित कर आयोजित करें।**
4. विद्यालय में समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनिट के पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
5. परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनिट के पूर्व विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका एवं 5 मिनिट पूर्व प्रश्नपत्र वितरित किए जाएँ।
6. **विषयमान अनुसार विद्यार्थियों की परीक्षाएं जैसे–जैसे समाप्त होती जाएं, विद्यार्थियों की अगले कार्य दिवस से नियमित कक्षाएं अनिवार्य रुप से प्रारंभ की जाएं।**

(रविन्द्र कुमार सिंह)
अपर संचालक
लोक शिक्षण म0 प्र0

परिशिष्ट–3

| त्रैमासिक परीक्षा 2026–27 कक्षा 9वीं एवं 10वीं हेतु विषय जिनके ब्लूप्रिंट राज्य स्तर से विमर्श पोर्टल पर संभावित दिनांक 21.08.2026 तक उपलब्ध कराये जाएंगे – | | |
|---|---|---|
| स.क्र | विषय | कक्षा |
| 1 | हिन्दी | 9वीं एवं 10वीं |
| 2 | अंग्रेजी | 9वीं एवं 10वीं |
| 3 | संस्कृत | 9वीं एवं 10वीं |
| 4 | गणित | 9वीं एवं 10वीं |
| 5 | विज्ञान | 9वीं एवं 10वीं |
| 6 | सामाजिक विज्ञान | 9वीं एवं 10वीं |

| त्रैमासिक परीक्षा 2026–27 कक्षा 11वीं एवं 12वीं हेतु विषय जिनके ब्लूप्रिंट राज्य स्तर से विमर्श पोर्टल पर संभावित दिनांक 21.08.2026 तक उपलब्ध कराये जाएंगे – | | |
|---|---|---|
| स.क्र | विषय | कक्षा |
| 1 | हिन्दी | 11वीं एवं 12वीं |
| 2 | अंग्रेजी | 11वीं एवं 12वीं |
| 3 | संस्कृत | 11वीं एवं 12वीं |
| 4 | भौतिक शास्त्र | 11वीं एवं 12वीं |
| 5 | रसायन शास्त्र | 11वीं एवं 12वीं |
| 6 | गणित | 11वीं एवं 12वीं |
| 7 | जीव विज्ञान | 11वीं एवं 12वीं |
| 8 | राजनीति विज्ञान | 11वीं एवं 12वीं |
| 9 | इतिहास | 11वीं एवं 12वीं |
| 10 | अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य समूह) | 11वीं एवं 12वीं |
| 11 | भूगोल | 11वीं एवं 12वीं |
| 12 | लेखाशास्त्र (Accountancy) | 11वीं एवं 12वीं |
| 13 | व्यवसाय अध्ययन | 11वीं एवं 12वीं |

13/08/2026

परिशिष्ट-4

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई-मेल : mpbse@mp.nic.in वेबसाईट : www.mpbse.nic.in
☎ कार्या - 0755-2551650

क्रमांक/3306/विद्योचित/2022 भोपाल दिनांक 8 /02/2022

## //विज्ञप्ति//

मण्डल द्वारा संचालित परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले केवल "दृष्टिहीन (Blindness, Low-vision), मानसिक विकलांग एवं हाथ की हड्डी टूट जाने अथवा हाथ की खराबी के कारण लिखने में असमर्थ छात्रों को लेखक चयन/विषय चयन/अतिरिक्त समय/परीक्षा शुल्क से छूट/ कम्प्यूटर या टाईप रायटर चयन की सुविधायें" प्रदान किये जाने का प्रावधान है।

2 शैक्षणिक सत्र 2021-2022 से कक्षा 9वी, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले निम्न दिव्यांग छात्र/छात्राओं को भी उपरोक्त सुविधायें प्रदान की जावेंगी-

अ- शारीरिक रुप से विकलांग छात्र

1. Loco Motor Disability- Leprosy Cured persons, Cerebral Palsy, Dwarfism, Muscular Dystrophy, Acid Attack victim
2. Visual impairment- Blindness, Low vision
3. Hearing impairment, Deaf, Hard of hearing
4. Speech & Language Disability

ब- Intellectual Disability

1. Specific Learning Disabilities
2. Autism Spectrum Disorder

स- Mental illness,

द- 1. Chronic Neurological Conditions -Multiple Sclerosis, Parkinson's disease

2. Blood Disorder - Haemophilia, Thalassemia, Sickle cell disease

3- सभी दिव्यांग छात्रो को प्रायोगिक परीक्षा मे बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर उनका मूल्यांकन करते हुये अंक प्रदाय किये जाने की सुविधा रहेगी। उक्त बहुविकल्पीय प्रश्न नियुक्त किये गये बाह्य मूल्यांकनकर्ता द्वारा तैयार किये जावेंगे।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक/3306-1/विद्योचित/2022 भोपाल, दिनांक- 08 /02/2022

प्रतिलिपि :-

1- प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2- निज सचिव- अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल।
3- आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल।
4- समस्त-जिला कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
5- संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र, मध्यप्रदेश, भोपाल।
6- समस्त- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, सहपदेन अपर संचालक शिक्षा, मध्यप्रदेश।
7- समस्त- संभागीय संयुक्त, संचालक, स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश।
8- समस्त- संभागीय उपायुक्त/सहायक आयुक्त/जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग, म.प्र.।
9- समस्त- जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
10- आंचलिक/समस्त- संभागीय अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
11- समस्त- प्राचार्य, जिला समन्वयक संस्थायें, मध्यप्रदेश।
12- निज सचिव- अतिरिक्त सचिव/उप सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सी.एस.ओ./समस्त- प्रथम श्रेणी अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश,भोपाल